रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-72 REGISTERED No. D.(D.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 71] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 14, 1978/चैत्र 24, 1900
No. 71] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 14, 1978/CHAITRA 24, 1900

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य मंत्रालय

(आयात-व्यापार नियंत्रण)

सार्वजनिक सूचना सं० 24-आई०टी०सी० (पी०एन०)/78

नई दिल्ली, 14 अप्रैल, 1978

विषय: यू०के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान 1978, दिनांक 4-1-78 के लिये लाइसेंस शर्तें।

सं० आई०पी०सी/39/14/77.—यू०के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान 1978 के अन्तर्गत आयात लाइसेंसों के जारी किये जाने के संबंध में शासित करने वाली जैसी शर्तें इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई है, वे सूचनार्थ अधिसूचित की जाती है ।

वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं० 24-आई०टी०सी० (पी०एन०)/78 दिनांक 14-4-1978 के लिये परिशिष्ट

यू०के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान 1978 दिनांक 4-1-78 के लिये लाइसेंस शर्तें

1 सामान्य शर्तें:

आयात लाइसेंस का शीर्षक यू०के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान 1978 होगा । लाइसेंस संख्या और प्रत्ययों के रूप में "आर०/के०के०" के साथ लाइसेंस कोड के अतिरिक्त, इसमें कंडिका 3 में दिये गये विवरणों के रूप में नियतन संख्या होनी चाहिये और ये नियतन नीचे के किसी एक सिग्मेंट से संबंधित होंगे :—

'ए०' सिग्मेंट (निजी क्षेत्र सिग्मेंट)

जहां लाइसेंस पूंजीगत माल समिति द्वारा प्रदान की गई निकासी के आधार पर निजी क्षेत्र एकक को जारी किया जाता है ।

'बी०' सिग्मेंट (सार्वजनिक क्षेत्र सिग्मेंट)

जहां वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, नई दिल्ली द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र एककों या केन्द्रीय अथवा राज्य सरकारों के विभागीय प्रकमों के नाम में प्रदान किये गये विदेशी मुद्रा की निकासी प्राप्त करने के बाद प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा जारी किये गये अनुमोदन के आधार पर लाइसेंस जारी किया जाता है ।

'डी०' सिग्मेंट (आई०एफ०सी०आई०, सिग्मेंट के लिये)

जहां आई०एफ०सी०आई० द्वारा प्रदान की गई विदेशी मुद्रा की निकासी के आधार पर विकास परियोजनाओं को आई०एफ०सी०आई० द्वारा वित्तयुक्त किया गया लाइसेंस जारी किया जाता है ।

'ई०' सिग्मेंट (आई०सी०आई०सी० आई०, सिग्मेंट)

जहां आई०सी०आई० सी० आई० द्वारा प्रदान की गई विदेशी मुद्रा की निकासी के आधार पर विकास परियोजनाओं को आई०सी० आई०सी०आई० द्वारा वित्तयुक्त किया गया लाइसेंस जारी किया जाता है।

2. आयात लाइसेंस की पावती के 15 दिनों के भीतर ही आयातक को चाहिये कि वह आयात लाइसेंस की एक फोटो स्टेट प्रति आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू० ई०-2 अनुभाग) को भेजें। इसकी एक प्रति वित्त मंत्रालय सहायता लेखा तथा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग यू०सी० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भी भेजी जानी चाहिये।

3 परिचय प्रत्यय (क) यू०के०/पूंजी निवेश अनुदान 1978 के अन्तर्गत प्रत्येक नियतन में परिचय प्रत्यय सी०आई०जी० प्रतीक होगा जिसमें अनुदान का संकेत होगा और उसमें एक पत्र लगा रहेगा जो अनुदान के सिग्मेंट को प्रदर्शित करेगा (निजी क्षेत्र सिग्मेंट के लिये "ए", सार्वजनिक क्षेत्र सिग्मेंट के लिये "बी०" आई०एफ०सी०आई० सिग्मेंट के लिये "डी०" और "आई०सी०आई०सी०आई० सिग्मेंट के लिये "ई०") जिस वर्ष में नियतन किया जाता है उसका संकेत करते हुए संख्या दी जायेगी और उसमें नियतन संख्या इस क्रम में होगी :—

अनुदान/सिग्मेंट/वर्ष/आबंटन की क्रम संख्या
उदाहरण के लिये : सी०आई०जी०/ए०/78/1(जी०ओ०आई०)

(ख) यू०के० सरकार की पूर्व अनुमति से किये गये नियतन के मामले में या आई०एफ०सी०आई० तथा आई०सी०आई०सी०आई० के मामले में प्रतीक (जी०ओ०आई०) परिचय प्रत्यय में नहीं रहेगा।

(ग) एक नियतन-बहुविधि लाइसेंस : चूंकि प्रदान किये गये नियतन के मद्दे एक से अधिक लाइसेंस हो सकता है, आयात लाइसेंस जारी करते समय लाइसेंस प्राधिकारी यह सुनिश्चय करेंगे कि नियतन से संबंधित प्रत्येक में एक और परिचय चिह्न होगा, उदाहरण के लिये, (1) सी० आई०जी०/ए०/78/1(जी०ओ०आई०) अर्थात् अनुदान (सिग्मेंट/वर्ष/नियतन की क्रम सं०) लाइसेंस की क्रम संख्या

(2) सी०आई०जी०/ए०/78/1(जी०ओ०आई०)/2

(घ) एक लाइसेंस-बहुविधि संविदाएं : चूंकि एक आयात लाइसेंस के मद्दे एक से अधिक खरीद आदेश/संविदा हो सकती है, लाइसेंसधारी कि यह जिम्मेदारी हो जाती है कि वह यह सुनिश्चय करे कि आयात लाइसेंस के अन्तर्गत प्रत्येक आदेश में एक और परिचय चिह्न (1), (2) आदि दिया जाता है, उदाहरण के लिये :—

(1) प्रथम लाइसेंस के मद्दे—सी०आई०जी०/ए०/78/1(जी०ओ० आई०)/1(1) अर्थात् अनुदान सिग्मेंट/वर्ष नियतन की क्रम संख्या नियतन के मद्दे आयात लाइसेंस की क्रम संख्या/आयात लाइसेंस की क्रम संख्या (आयात लाइसेंस के मद्दे आदेश की संख्या) सी०आई०जी०/ए०/78/1(जी०ओ०आई०)/1(2)

(2) द्वितीय लाइसेंस के मद्दे :—इसी तरह, इस नियतन के मद्दे द्वितीय लाइसेंस के मद्दे आदेश के लिये :—
सी०आई०जी०/ए०/78/1(जी०ओ०आई०)/2(1)
सी०आई०जी०/ए०/78/1(जी०ओ०आई०)/2(2) आदि आदि।

टिप्पणी:—इस खंड में संकेतित परिचय प्रत्यय, लाइसेंस प्राधिकारी एवं लाइसेंसधारी को क्रियाविधि समझने के लिये केवल एक उदाहरण है। आयात लाइसेंस जारी करते समय उस पर लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा संकेतित किये जाने वाले विशेष व्यक्तिगत आबंटन के संबंध में वास्तविक परिचय प्रत्यय आर्थिक कार्य विभाग द्वारा संकेतित किये जायेंगे।

4. भुगतान की विधि :—साख-पत्र की स्थापना कर सामान्य बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से संभरकों को भुगतान की व्यवस्था की जा सकती है, लेकिन नीचे के खण्ड-4 में दिये गये ब्यौरे के अनुसार इस प्रकार के आदेश दिये जाने के लिये एक विशेष प्राधिकरण सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली से प्राप्त कर लिया जाना चाहिये। भारतीय अभिकर्ता के किसी कमीशन के लिये भुगतान भारत स्थित अभिकर्ता को भारतीय रुपये में किया जाना चाहिये। लेकिन, इस प्रकार के भुगतान लाइसेंस मूल्य के अंश होंगे, और ये इसलिये, इसके लिये लिये जायेंगे।

5 वैधता अवधि :—लाइसेंस 12 महीने की प्रारम्भिक वैधता अवधि के लिये जारी किया जायेगा लेकिन जहां यह संभावना हो कि संभरणों को पूरा करने में अधिक समय लगेगा तो लाइसेंस की वैधता अवधि भी उपयुक्तः बढ़ा दी जायेगी। पक्के आदेश लागत जीमा भाड़ा या लागत भाड़ा के आधार पर आयात लाइसेंस जारी होने के चार माह की अवधि के भीतर अवश्य दे दिया जाना चाहिये। यदि आदेश वैध कारणों से प्रथम चार महीने के भीतर नहीं दिये जा सकते, लाइसेंस को लाइसेंस प्राधिकारी के पास चार माह की अवधि के भीतर या उसके तत्काल बाद जमा कर देना चाहिये। इस कारण का उल्लेख कर देना चाहिये कि आदेश देने में देर क्यों हुई और यह भी संकेत कर देना चाहिये कि अगला आदेश किस तारीख तक दिया जा सकता है और आदेश देने के लिये जैसी अवधि वृद्धि जरूरी हो, उसे भी बता देना चाहिये। इस प्रकार के आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा पात्रता के आधार पर विचार किया जायेगा जो अधिक से अधिक 4 माह की और अवधि वृद्धि स्वीकृत कर सकता है। लेकिन, यदि वृद्धि की मांग आयात लाइसेंस के जारी होने से 8 मास से अधिक के लिये की जाती है तो इस प्रकार के प्रस्ताव निरपवाद रूप से लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू० ई०-2 अनुभाग), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जायेंगे।

6. आदेश दिया जाना : इसे नोट कर लेना चाहिये कि जब तक 4 माह के भीतर आदेश देने का काम पूरा नहीं कर लिया गया हो या लाइसेंस प्राधिकारी द्वारा विशेष रूप से स्वीकृत बढ़ाई गई अवधि और विशेष प्राधिकरण (उपर्युक्त कंडिका 4 में संकेत किये गये के अनुसार) प्राप्त नहीं कर लिया जाता, तब तक विदेशी मुद्रा देने में प्राधिकृत व्यापारी साख-पत्र की स्थापना करने की स्वीकृति नहीं देंगे।

7 आदेश देने के आधार : कैश : आदेश नकद के आधार पर दिये जाने चाहिये और सभी भुगतान लाइसेंस की समाप्ति के दो माह के भीतर या इस संबंध में सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाने वाली अवधि के भीतर पूरे किये जाने चाहिये। अकेले भुगतानों की व्यवस्था माल के पोतलदान हो जाने पर अवश्य की जानी चाहिये। किसी भी प्रकार की साख सुविधा नहीं दी जायेगी।

2. आदेशों/संविदाओं में शामिल की जाने वाली या अन्यथा रूप से ध्यान में रखे जाने वाली विशेष बातें :—

1 जब पक्के आदेश/संविदा दी जा रही हो जो कि यू०के० सभरकों को ही दी जानी चाहिये (जिसकी अभिव्यक्ति में चैनल आफ आई०आइलैंड तथा आइल आफ मैन भी शामिल है), लाइसेंस-धारी को उसमें दी गई एक व्यवस्था द्वारा यह सुनिश्चय कर लेना चाहिये कि खरीदे गये माल पूर्णतया या प्रधानतया यू०के० में उत्पादित अथवा निर्मित है या होंगे। जब इस प्रकार के माल खरीदने से संबंधित सेवाओं की भी व्यवस्था की जाती है, तो उसमें निश्चित उपर्युक्त व्यवस्था द्वारा इसी प्रकार यह भी सुनिश्चित कर लेना चाहिये कि ऐसे काम तथा सेवायें साधारणतया यू०के० निवासी अथवा जो वहां व्यापार कर रहा है, उसके द्वारा प्रदान की जाती है अथवा की जायेंगी।

2 यू०के० वस्तु का सुनिश्चय करने की आयातकों की जिम्मेदारी :

(1) यू०के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान 1978 के अन्तर्गत आयात लाइसेंस साधारणतया केवल यू०के० में प्राप्त एवं उत्पादित अथवा विनिर्मित सामान और/अथवा माल के लिये वैध होंगे ।

(2) भारतीय आयातक को उसके स्वयं के हित के लिये परामर्श दिया जायेगा कि वह पहले से ही यू०के० सभरकों से इस बात का सुनिश्चय कर ले कि प्रस्तावित आयातों में किसी प्रकार का यू०के० तत्व है और यदि है, तो उसकी प्रतिशतता क्या है । इसे विशेष रूप से जाने बिना उसे किसी भी हालत में यू०के० सभरकों के साथ पक्के वायदे अथवा संविदा नहीं करनी चाहिये ।

(3) जब इस प्रकार की पूछताछ करने पर यह पता लग जाता है कि आयात किये जाने वाले प्रस्तावित माल में गैर यू०के० तत्व है तो उसे वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू० ई०-2 अनुभाग, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को इस बात की पुष्टि से अवश्य ही अवगत करवाना चाहिये कि क्या आयातक की भावी यू०के० सभरक के साथ अपने आदेश/संविदा पूर्ण करने पर आगे कार्य करना चाहिये या नहीं । इस संबंध में इस बात का उल्लेख किया जा सकता है कि विशेष मामलों में केवल एक संविदा के जहाज पर निःशुल्क मूल्य के 20% की सीमा तक के गैर यू०के० तत्व को यू०के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान 1978 के अन्तर्गत वित्तदान के लिये स्वीकार किया जा सकता है बशर्ते कि गैर यू०के० वस्तु परिष्कृत उत्पादों का एक मुख्य भाग है और गैर यू० के० मूल के माल का उपयोग स्वतन्त्र रूप से आयात किये जाने वाले प्रस्तावित परिष्कृत उत्पादों के रूप में नहीं किया जा सकता है । इस प्रयोजन के लिये आयातकों को चाहिये कि वे यू०के० संभरकों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित संविदा प्रमाणपत्र की एक प्रति को संलग्न करते हुए विशेष अनुमोदन प्राप्त करने के लिये उपयुक्त निर्धारित प्रपत्र [अनुबन्ध 2 या अनुबन्ध 2(बी०)] में आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू० ई-2 अनुभाग) वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को आवेदन करे।

3 नीचे के खण्ड 3 और खण्ड 5 में उल्लिखित प्रलेखन आवश्यकताओं को तथा नीचे के खण्ड 4 में निर्धारित भुगतान की प्रक्रिया का ध्यान में रखा जाना चाहिये तथा संविदा में उचित रूप से सम्मिलित किया जाना चाहिये ।

3. संविदा की अधिसूचना तथा तत्संबंधी संशोधन:

1 आदेश देने के 15 दिनों के भीतर लाइसेंसधारी को चाहिए कि संविदा अथवा संविदा अधिसूचना की तीन प्रतियां (संलग्न अनुबंध 1 के रूप में) संभरक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित संविदा प्रमाण-पत्र (संलग्न अनुबंध 2 अथवा 2 (बी) के रूप में, जो भी उपयुक्त हो) की तीन प्रतियों के साथ सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेन्ट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजें ।

2. वित्त मंत्रालय को उपर्युक्त प्रलेखों को भेजते समय लाइसेंसधारी द्वारा यह सुनिश्चय कर लेना चाहिए कि दस्तावेजों में आयात लाइसेंस की संख्या तथा तारीख और अनुबंध का नाम भली-भांति लिख दिया गया है । लाइसेंसधारी को आयात लाइसेंस के मदे प्रत्येक संविदा में परिचय प्रत्यय अवश्य दे देना चाहिए उदाहरण के लिए यदि आयात का परिचय प्रत्यय सी० आई० जी०/ए०/78/1, जी० ओ० आई०/1, है, तो इस लाइसेंस के अन्तर्गत पहली संविदा के लिए परिचय प्रत्यय सी० आई० जी०/ए०/78/1 (जी० ओ० आई०) 1/(1) होना चाहिए, इस लाइसेंस के मदे दूसरी संविदा के लिए सी० आई० जी०/ए०/78/1 (जी० ओ० आई०)/1(2) आदि होना चाहिए तथा जब लाइसेंसधारी वित्त मंत्रालय को संविदाएं अग्रसारित कर रहा हो तो तत्संबंधी अव्ययन लाइसेंस के अन्तर्गत दी गई संज्ञाओं की संख्या तत्संबंधी ब्यौरे अवश्य दिए जाने चाहियें । इस ब्यौरे की शुद्धता के लिए आयातक ही एक मात्र रूप से जिम्मेवार होगा।

3. किसी समय संविदा में संशोधन किया जाता है या संविदा प्रमाण-पत्र में उल्लिखित धनराशि से ज्यादा धनराशि के लिए उसके अन्तर्गत यदि कोई जिम्मेदारी विहित की जाती है, तो लाइससधारी को चाहिए कि वह तत्संबंधी अनुपूरक या संशोधित प्रलेखों को संविदा के लिए संशोधित प्रतियों को यथा संशोधित "संविदा प्रमाण-पत्र" को सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा, वित्त मंत्रालय को भेज दें ताकि वे इसकी सूचना यू० के० सरकार को दे सकें।

4. किसी मामले में, यू० के० संभरक के भारतीय अभिकर्ता के साथ संविदा की जाती है, तो उस यू० के० संभरक के नाम का संकेत होना चाहिए जिसको संविदा के उस स्टर्लिंग अंश के लिए भुगतान किया जाना है जो केवल इस ऋण के अन्तर्गत भुगतान के योग्य होगा, ऊपर निर्धारित किए गए के अनुसार इस प्रकार की प्रतियों को (या उन संविदाओं की प्रतियों जो यू० के० संभरकों के साथ भारतीय अभिकर्ताओं द्वारा की गई हैं, यदि इस प्रकार की पृथक संविदाएं हैं) भेज दिया जाना चाहिए।

4. यू० के० संभरकों की भुगतान साख-पत्र की प्रक्रिया :

1. लाइसेंसधारी को चाहिए कि वह यू० के० संभरकों के नाम में यू० के० से सम्बद्ध बैंकों में से किसी भी एक बैंक में भारत में किसी मुद्रा विनिमय करने वाले बैंक में साख-पत्र खोलने के लिए प्राधिकरण-पत्र हेतु सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक (आर्थिक सहायता लेखा शाखा) अर्थकार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को आवेदन करें।

2. प्राधिकरण-पत्र के लिए आवेदन अनुबंध 3 में दिए गए रूप में किया जाना चाहिए और उसके साथ पक्के आदेश की तथा यू० के० संभरक द्वारा पूर्ण किए गए संविदा प्रमाणपत्र की एक प्रति होनी चाहिए। पत्र अनुबंध-2 या अनुबंध 2(बी) (जो भी उचित हो) में निर्धारित किए प्रपत्र में होना चाहिए और आयात लाइसेंस अथवा उसकी फोटो प्रति विनिमय दर के सत्यापन के लिए दी जानी चाहिए।

3. यदि आवेदन पत्र सही पाया जाता है तो वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग आयातक और सम्बद्ध भारतीय मुद्रा विनिमय प्राधिकृत बैंक को अपेक्षित धनराशि के लिए प्राधिकरण पत्र जारी करेगा । वित्त मंत्रालय के प्राधिकरण पत्र में भी खरीद आदेश अर्थात् सी० आई० जी०/ए०/78/1 (जी० ओ० आई०)/1(1) के परिचय प्रत्यय आदि का उल्लेख करना होगा। परिचय प्रत्यय को स्थापित किए जाने वाले साख-पत्र में तथा साख-पत्र के अन्तर्गत भेजे जाने वाले सभी प्रलेखों में भी संकेत होना चाहिए । वित्त मंत्रालय सम्बद्ध यू० के० बैंक को भी परामर्श देगा । लेकिन, यू० के० बैंक को दिया गया परामर्श सम्बद्ध भारतीय मुद्रा विनिमय बैंकों को उनके प्राधिकरण की प्रति के साथ भेजा जाएगा उन्हें साख-पत्र खोलते समय यू० के० बैंक को संप्रेषित करना चाहिये।

4. प्राधिकरण (वित्त मंत्रालय को अवगत कराते हुए) के जारी होने की तारीख से एक माह के भीतर साख-पत्र खोल दिया जाना चाहिये ऐसा नहीं करने की स्थिति में प्राधिकरण समाप्त हो जायेगा । साख-पत्र में उन शर्तों का उल्लेख होना चाहिये । जिसके अधीन लाइसेंस दिया गया है, नीचे के खण्ड 5 में उल्लिखित सभी प्रलेखों के प्रस्तुतीकरण के बाद संभरकों को भुगतान के लिए व्यवस्था होनी चाहिए । भुगतान के बाद प्रलेखों के प्रेषण करने से संबंधित अनुदेशों को पूरी तरह समाविष्ट करना चाहिए और इसे इस शर्त के अधीन खोला जाना चाहिए कि यू०के० में सम्बद्ध बैंक लाभ प्राप्त फर्मों को प्रारंभिक रूप से उनकी अपनी

विधि से भुगतान करने के बाद उसकी प्रतिपूर्ति भारत के उस बैंक से प्राप्त करेगा जिसमें साख-पत्र की स्थापना की गई थी । साख-पत्र खोलने के संबंध में भारतीय मुद्रा विनिमय बैंक के अनुदेशों की वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए प्राधिकरण के पूर्ण रूपेण अनुरूप होना चाहिए । किसी भी प्रकार का अन्तर नहीं होना चाहिए ।

5. साख-पत्र में स्पष्टरूप से अनुबन्ध शीर्षक, नियतन संख्या और अन्य विवरण जैसे दिए गए नियतन के अन्तर्गत संविदा लाइसेंस की क्रम संख्या और प्राधिकार पत्र में यथा संकेतित आयात लाइसेंस आदि से संबंधित संविदा की क्रम संख्या को चिह्नित किया जाना चाहिए ।

6. यदि पहले से ही जारी किए गए प्राधिकार पत्र को आयात लाइसेंस के मूल्य को बढ़ाने के आधार पर संशोधित किया जाना है तो आयातक के आवेदन-पत्र के साथ आयात लाइसेंस अथवा उसकी फोटो स्टेट प्रति भेजी जानी चाहिए जिसमें आयात लाइसेंस के मूल्य मे बढ़ाई गई धनराशि के लिए लागू विनिमय दर का संकेत हो ।

5. प्रलेखन :

1. यह देखने की जिम्मेदारी आयातक की है कि यू० के० संभरक को भेजे गए माल के लिए भुगतान की मांग करते समय यू० के० बैंक के लिए नीचे उल्लिखित प्रलेखों को पूरा करता है और प्रस्तुत करता है :—

(1) चार फोटो प्रतियां या अन्य किसी विधि से तैयार की गई प्रतियों के साथ मूल बीजक (1) (बीजक में आयातक का नाम और पता, संभरित की गई प्रत्येक मद की मात्रा और विस्तृत विवरण सभी व्यापार छूटों) को प्रतिबिंबित करते हुए प्रत्येक मद के लिए विक्रय कीमत, विवरण का आधार (लागत भाड़ा या लागत बीमा भाड़ा) और किसी प्रकार की अनुषंगिक सेवाएं जिसमें विवरण या लौवहन या परिवहन बीमा सेवाएं शामिल हैं उसकी स्टर्लिंग लागत को दिखाना चाहिए ।

(2) महासागर या चार्टर लदान-पत्र की एक प्रति (या फोटो स्टेट) या वायु मार्ग बिल या डाक पार्सल रसीद (लदान-पत्र वाहक के खर्चों का विवरण निर्दिष्ट करेगा चाहे इन खर्चों का भुगतान किसी भी मुद्रा में किया गया हो) ।

(3) अनुबन्ध-5 में दिए गए प्रपत्र में भुगतान प्रमाण-पत्र की चार चार प्रतियां [ऐसी संविदाओं के संबंध में इनकी आवश्यकता नहीं जिनके लिए अनुबंध-2 (बी) में दिए गए प्रपत्र में एक संविदा प्रमाण-पत्र (रासायनिक) की पूर्ति की गई है] । इस उद्देश्य के लिए, संभरक द्वारा भुगतान प्राप्त करते समय भरने के लिए, निर्धारित प्रपत्र में भुगतान प्रमाण-पत्र के पांच खाली प्रपत्र साख-पत्र के साथ संलग्न करने चाहिएं ।

(4) अनुबन्ध-2 या अनुबन्ध-2(बी) में निर्धारित संविदा प्रमाण-पत्र की तीन प्रतियां । प्रत्येक प्रलेख में ऋण शीर्षक, परिचय प्रत्यय, आयात लाइसेंस के ब्यौरे तथा वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए साख-प्राधिकरण पत्र के विवरण को अवश्य प्रदर्शित करना चाहिए । लेकिन उपर्युक्त (2) पर दिखाए गए दस्तावेज अर्थात् समुद्र अथवा चार्टरपार्टी लदान बिल या वायुमार्ग बिल या डाक पार्सल रसीद में केवल पहचान प्रत्यय और साख-पत्र की संख्या को दर्शाया जाना चाहिए ।

2. जब साख-पत्र खोला जा रहा हो तो, भारत के प्राधिकृत विदेशी मुद्रा विनिमय बैंक आयात की ओर से इस बात का सुनिश्चय करने के लिए प्रलेखन की उपर्युक्त जरूरतों को नोट कर लिया गया है तथा यू०के० संभरको द्वारा इसका अनुपालन किया गया है, साख-पत्र में आवश्यक शर्तों को शामिल करने पर ध्यान देगा ।

3. संभरक को भुगतान किए जाने के बाद यू०के० का संबंधित बैंक भारतीय सम्बद्ध बैंक को प्रलेखों का मूल परक्राम्य सेट को वायुमार्ग से भेजेगा । भारतीय बैंक यू० के० बैंक को उसके द्वारा बैंक प्रभारों सहित यू०के० संभरकों को किए गए भुगतानों की प्रतिपूर्ति प्रेषण द्वारा करेगा । यू० के० बैंक के लिए भुगतान अवश्य ही आयात लाइसेंस के समाप्त होने की तारीख से 2 मास की अवधि या समय-समय पर आयात नियंत्रण नीति में घोषित निर्धारित अवधि इनमें जो भी कम हो उसके भीतर पूरे कर दिए जाने चाहिये । भारतीय बैंक बैंक प्रभारों के साथ इसके द्वारा यू० के० संभरकों को किए गए भुगतान को परेषण द्वारा यू० के० बैंक को प्रतिपूर्ति करेगा । भारतीय बैंक द्वारा आयातकों से इस प्रकार की विदेशी मुद्रा परेषणों की तत्संबंधी समतुल्य रुपए मे वसूली दोनों के बीच हुई सहमति से तय की गई व व्यवस्थाओं के अनुसार की जाएगी । यू० के० बैंक भी पूर्ण किए गए भुगतान प्रमाण-पत्र की एक अपरक्राम्य प्रति सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, अर्थकार्य विभाग, यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजेगा ।

6. यू० के० अनुबान के अन्तर्गत प्रतिपूर्ति प्राप्ति के लिए भारत सरकार को सक्षम बनाने में भारतीय बैंक की जिम्मेदारी :

बैंक प्रभारी के साथ इसके द्वारा यू० के० संभरकों को स्टर्लिंग भुगतानो के यू० के० बैंक में प्रतिपूर्ति के बाद: भारतीय बैंक को चाहिए कि वह 10 दिनों के भीतर आवश्यक प्रलेखों की सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय, अर्थ कार्य विभाग, जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेन्ट स्ट्रीट, नई दिल्ली को भेजे ताकि भारत सरकार यू० के० अनुबान के अन्तर्गत आवश्यक प्रतिपूर्ति प्राप्त करने में सक्षम हो सके । भेजे जाने वाले प्रलेख ये है :—

(1) यू० के० संभरक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अनुबन्ध-2 या अनुबन्ध-2 (बी) (जैसा उचित हो) के रूप में संविदा प्रमाण-पत्र तथा संबंधित साख-पत्र की एक प्रति ।

(2) यू० के० संभरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित अनुबन्ध-4 मे दिए गए के अनुसार भुगतान प्रमाण-पत्र ।

(3) खण्ड 5 में उल्लेख किए गए के अनुसार बीजक तथा लदान बिल जहां संविदा के अन्तर्गत यू० के० संभरक को एक से अधिक भुगतान किया जाना है, संविदा प्रमाण-पत्र तथा साख-पत्र की एक प्रति भेजने की आवश्यकता केवल प्रथम भुगतान के लिए है तथा आगामी भुगतानो में केवल भुगतान प्रमाण-पत्र भेजने की आवश्यकता और बीजकों को वित्त मंत्रालय को भेजने की आवश्यकता है, परिचय प्रत्यय को संबंधित संविदा प्रमाण-पत्र तथा साख-पत्र में उद्धृत किया जाना चाहिये ।

7. आयात लाइसेंस के उपयोग किये जाने के संबध में रिपोर्ट :—

अनुबन्ध-5 में यथा संलग्न अनुबंध में, लाइसेंस के उपयोग किए जाने की स्थितियों को प्रदर्शित करते हुए एक रिपोर्ट प्रत्येक माह की 7 तारीख को या इससे पहले इनको भेजनी चाहिये :—

(1) सहायता लेखा नियंत्रक, (सहायता लेखा शाखा), वित्त मंत्रालय, अर्थ कार्य विभाग, यू. सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, 10, पार्लियामेन्ट स्ट्रीट, नई दिल्ली ।

(2) ..... अनुभाग अधिकारी, डब्ल्यू० ई-2, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नार्थ ब्लाक, केन्द्रीय सचिवालय नई दिल्ली ।

जहां पर विदेशी मुद्रा की रिहाई आई एफ सी आई और आई सी आई सी आई द्वारा कर दी गई हों तो रिपोर्ट तत्संबंधी सम्बद्ध संघटनों को भेजी जानी चाहिएं ।

8. विविध:—

1. विशेष शर्तों के अधिसूचित किए जाने वाले संभरक.—आयात लाइसेंस में ऐसी कोई विशेष शर्तें हों जो कि संभरक पर सौदे

के पालन करने मे प्रभाव डाले, लाइसेसधारी को चाहिए कि वह सभरक को इससे अवगत करा दे।

2 यू० के० सभरको से धन वापसी —यदि सभरक, पोत वाणिक तथा बीमाकर्ता से लाइसेसधारी द्वारा किसी प्रकार की धन वापसी प्राप्त होती है और जसे ही ये धनराशि प्राप्त की जाती है, तो प्राप्त धनराशि का पूरा विवरण प्रदर्शित करते हुए तत्सबधी अन्य विवरणो के साथ ऊपर के खण्ड 6 मे दिए गए पते पर वित्त मत्रालय को भेजना चाहिये।

3 विवाद —यह जान लेना चाहिये कि लाइससधारी और सभरका के बीच या किसी प्रकार की जिम्मेदारी जो कि लाइसेसधारी और सभरको के बीच हो, यदि उसमे किसी प्रकार का विवाद उठ खडा होता है तो भारत सरकार किसी प्रकार की जिम्मेदारी नही लेगी।

4 भविष्य के लिए अनुदेश —आयात लाइसेंस या इससे सबधित किसी एक या सभी मामलो पर तथा ऋण करार के अन्तर्गत सभी प्रकार के आभारो को को पूरा करने के संबध मे सरकार द्वारा जारी किए गए निदेशो, आदेशो या अनुदेशो को तुरन्त पालन करेगा।

5 उल्लघन या अतिक्रमण —उपर्युक्त कडिका मे की गई शर्तों के उल्लघन या अतिक्रमण करने पर आयात-निर्यात (नियत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्रवाई की जाएगी।

9 शीर्षको के अनुसार अनुबन्धो की सूची

अनुबन्ध—1	सविदा की अधिसूचना
अनुबन्ध—2	सविदा प्रमाण-पत्र
अनुबन्ध—2(बी)	सविदा प्रमाण-पत्र (रासायनिक)
अनुबन्ध—3	साख-पत्र प्राधिकरण के लिए आवेदन-पत्र का प्रारूप
अनुबन्ध—4	भुगतान प्रमाण-पत्र
अनुबन्ध—5	आयात लाइसेंस के लिए आदेश देने तथा उसका उपयोग धन वापसी की प्राप्ति के सबध मे रिपोर्ट
अनुबन्ध—6	

अनुबन्ध—1

यू० के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान 1978

संविदा की अधिसूचना

सेवा मे,

काउन एजेन्ट

संविदा की अधिसूचना सख्या

संविदा के निम्नलिखित ब्यौरे हैं जिसके अन्तर्गत यह प्रस्तावित किया जाता है कि उपर्युक्त अनुदान की शर्तों के अनुसार भुगतान किया जाएगा —

1 यू० के० संविदाकर्ता का नाम तथा पता

2 संविदा का दिनांक

3 खरीददार का नाम

4 माल का सक्षिप्त ब्यौरा तथा/
अथवा कार्य अथवा सेवाए

5 संविदा का मूल्य

6 भुगतान की शर्तें

आयात करने वाली फर्म के प्राधिकृत अधिकारी के

हस्ताक्षर

अनुबन्ध—2

यू० के०/भारत पूजी निवेश अनुदान 1978

संविदा-प्रमाण-पत्र

संविदा का ब्यौरा

आयात लाइसेस की सख्या परिचय प्रत्यय सख्या

1 संविदा की तिथि

2 संविदा संख्या

3 खरीददार को दिए जाने वाले माल अथवा सेवाओ का विवरण

यदि कोई मदो की पूर्ति की जानी है, तो इस प्रमाण-पत्र के साथ उसकी एक विस्तृत सूची लगा देनी चाहिए।

4 क्रेता द्वारा देय कुल संविदा मूल्य (लागत-बीमा-भाडा, लागत तथा भाडा या जहाज पर निःशुल्क का उल्लेख कीजिए)।

पौंड .....

यदि माल का संभरण किया जाना है, तो निम्नलिखित खण्डों का अनुपालन करना अनिवार्य है (यदि संविदाकर्ता केवल निर्यातक अभिकर्ता है, तो मांगी हुई सूचना निर्माणकर्ता से प्राप्त करनी चाहिए)।

5. खरीददार को संभरण किए जाने वाले माल का विवरण	कीमत पौण्ड	यू० के०/टैरिफ/ ट्रेड कोड सं०
....	....	....
....	....	....
....	....	....
....	....	....
....	....	....
....	....	....

6 जो माल यू० के० मूल का नहीं है, परन्तु संविदाकार द्वारा सीधे बाहर से खरीदा गया है जहाज पर निःशुल्क मूल्य का अनुमानित प्रतिशत जैसे आयातित कच्चे माल या निर्माण किए गए संघटकों का प्रतिशत :—

(क) प्रतिशत जहाज पर निःशुल्क मूल्य..

(ख) मदों का विवरण तथा संक्षिप्त विशिष्टिकरण..

7. यदि विदेश मूल के किसी कच्चे माल यथा संघटकों का उपयोग किया गया हो, जैसे ताम्बा, अबह्, कपास, लकड़ी लुगदी आदि, परन्तु संविदाकर्ता द्वारा इस संविदा के लिए इसकी खरीद यू० के० में की गई है तो उसका उल्लेख करें :—

(क) प्रतिशत जहाज पर निःशुल्क मूल्य..

(ख) मदों का विवरण और संक्षिप्त विशिष्टिकरण..

यदि सेवाएं प्रदान की जानी है तो निम्नलिखित खण्डों की भी पूर्ति की जानी चाहिए

8 नीचे लिखे द्वारा किए गए किसी काम या खरीददार के देश में निष्पादन सेवाओं का अनुमानित मूल्य बताए :—

(क) आपकी फर्म स्थल, अभियंता के खर्चे आदि..

(ख) स्थानीय संविदाकर्ता..

9 उपर्युक्त कंडिका 6.7 या 8 में उल्लिखित विदेशी मदों के उपयोग करने के कारण बताए उदाहरणार्थ यू० के० निर्मित के समतुल्य उपकरण के मुख्य पुर्जे आदि उपलब्ध नहीं है।

10 उपर्युक्त कंडिका 6.7, या 8 के सम्बन्ध में जैसा आवश्यक हो, टिप्पणी दें..
....

11. मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि नीचे लिखे संविदाकर्ता द्वारा मैं यू० के० में नियोजित किया गया हूं और इस प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकार मुझे प्राप्त है। मैं एतद् द्वारा यह जिम्मेदारी लेता हूं कि उपर्युक्त कंडिका 6, 7, 8, और 10 में विशिष्टकृत को छोड़कर किसी और माल या सेवाओं का जो यू० के० मूल्य की नहीं है, संविदा के निष्पादन में संभरण नहीं किया गया है।

हस्ताक्षरित.....................
पद जिस पर वह है.....................
संविदाकर्ता का नाम और पता.....................
....
दिनांक.....................

टिप्पणी.—इस घोषणा के लिए यू० के०, दि चैनल आइलैंड और आइल्ज आफ मैन को शामिल करता है।

अनुबन्ध—2 (बी)

यू० के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान, 1978

केवल रासायन और सम्बद्ध उत्पादों के लिए प्रमाण-पत्र संविदा की तिथि..
........संविदा संख्या ....आयात लाइसेंस संख्या..
.... दिनांक ....

खरीददार को संभरण किए जाने वाले उत्पाद (दों) का विवरण	पौण्ड मूल्य	यू० के० दर सूची वर्गीकरण संख्या	क्या उत्पाद यू० के० मूल्य का है
(टिप्पणी-ए)		(टिप्पणी-बी)	(टिप्पणी-सी, देखिए, हां या नहीं लिखिए)
....	....	....	....
....	....	....	....
....	....	....	....
....	....	....	....
....	....	....	....
....	....	....	....

3. खरीददार द्वारा भुगतान की जाने योग्य कुल/अनुमानित/संविदा कीमत स्टर्लिंग/पौण्ड में ....
....

4 (घोषणा) मे एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि नीचे लिखे संविदाकर्ता द्वारा मैं यू० के० मे नियोजित किया गया हू और वैध प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकार मुझे प्राप्त है और उपर्युक्त सूचना सही है ।

हस्ताक्षरित . . . . . .

पद किस पर है . . . . . .

संविदाकर्ता का नाम . . . . . .

और पता . . . . . .

दिनांक . . . . . .

टिप्पणी

ए इस प्रपत्र का प्रयोग केवल रसायन तथा संबंधित उत्पादो के लिए किया जाना है जिनमे अधिकतर को यू० के० दर सूची के अध्याय, 15, 25, 28, 35 तथा 37, 40 के उपर्युक्त उप-शीर्षको द्वारा सम्मिलित किया गया है ।

अनुबन्ध—3

साख-पत्र प्राधिकरण के लिए आवेदन-पत्र का प्रपत्र

सेवा में,

सहायता लेखा एव परीक्षा नियंत्रक,
(आर्थिक सहायता लेखा शाखा)
वित्त मंत्रालय,
(अर्थ कार्य विभाग)
जीवन दीप बिल्डिंग, 10, पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली ।

विषय —यू० के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान, 1978 के अन्तर्गत यू० के० से . . . . . का आयात ।

महोदय,

उपर्युक्त यू० के० ऋण के लिए यू० के० से . . . . . का आयात करने के सम्बन्ध में हम निम्नलिखित विवरण भेजते हैं, जिससे आप हमें हमारे बैंकरों के माध्यम से आपके द्वारा मनोनीत यू० के० बैंक में साख-पत्र खोलने के लिए प्राधिकरण जारी करने में समर्थ हो सके :—

1. भारतीय आयातक का नाम और पता
2. (क) आयात लाइसेंस का विवरण :—
   (1) पूरी संख्या एवं दिनांक
   (2) मूल्य (रुपए)
   (3) लाइसेंस में यथा उल्लिखित विनिमय दर
   (4) तिथि जिस तक वैध है ।
   (ख) लाइसेंस मे दिए गए के अनुसार आबंटन संख्या/परिचय प्रत्यय
   (ग) लाइसेंस के अन्तर्गत की गई संविदाओं की संख्या . . . . . .
   (घ) उस संविदा की क्रम संख्या जिससे यह आवेदन-पत्र सम्बन्धित है

बी देखिए :—

1. एच०एम० कस्टम तथा एक्साइज टैरिफ एच०एम०एस०ओ०
2. ब्रेमरुस नामावली एच०एम०एस०ओ० में रसायनों का वर्गीकरण

सी. 1. यदि उत्पाद पूर्णतया यू० के० देशी माल से तैयार किया गया है तो वह उत्पाद यू० के० मूल का समझा जाता है अथवा उपर्युक्त ई०एफ०टी०ए० विशेषक विधि के अनुसार पूर्णतया अथवा अंशत आयातित माल प्रयोग किया जाता है।

2 एच०एम०ए०एस० और निर्यातको के प्रयोग के लिए ई०एफ०टी०ए० विशेषक विधि, ई०एफ०टी०ए० सार संग्रह के सूचक 1 में बताई गयी है।

3 प्रस्तुत घोषणा के लिए इस पर बल दिया जाता है कि निकासी प्रतिशत निकास लागू नहीं होता है।

4 उपर्युक्त सूचक मे जहा कहीं शब्द 'क्षेत्र मूल' आते हैं उनका तात्पर्य केवल यू० के० मूल से है।

5 प्रस्तुत घोषणा के लिए "मूल माल की सूची" (ए०एफ०टी०ए०सार० संग्रह का सूचनक-3) लागू नहीं होती है।

6 यदि विषयाधीन माल के लिए विशेषक विधि सूचीबद्ध नही है तो क्राउन एजेंट, सी०एस० 4 विभाग 4 मिल एम०डब्ल्यू० 1 से सलाह ले लेनी चाहिए ।

डी. इस घोषणा के लिए यू० के० चैनल आइलैण्ड्स तथा आइल्ज आफ मेन को शामिल करता है।

अनुबन्ध—4

यू० के०/भारत पूंजी निवेश अनुवान, 1978

भुगतान प्रमाण-पत्र

परिचय प्रत्यय संख्या .....

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूं कि :—

1. नीचे सूचीबद्ध किए गए बीजक मे उल्लिखित भुगतान वह या उसकी प्रतियां इस भुगतान प्रमाण-पत्र के साथ लगी हैं, बाकी है या नीचे लिखे गए संविदाकर्ता और ..... खरीदार ..... के बीच संविदा संख्या तारीख ..... के सम्बन्ध में बाकी पूरे किए जाने वाले है, और संविदा प्रमाण-पत्र के अन्तर्गत अधिसूचित इस संविदा के विवरण के अनुसार है जो तारीख ..... को उक्त संविदाकर्ता के नाम पर हस्ताक्षरित है।

संविदाकर्ता के बीजक की सं०	तारीख	धनराशि पौण्ड	माल कार्य और/या सेवाओं का संक्षिप्त विवरण

2. कंडिका 1 में जो धनराशियां विशिष्टि कृत की गई हैं, वे संविदा प्रमाण-पत्र की कंडिका 6, 7 अथवा 8 में बताई गई के लिए किसी अतिरिक्त विदेशी वस्तु को शामिल नही करती है ।

3. नीचे लिखे संविदाकर्ता के नाम पर इस प्रमाण-पत्र पर हस्ताक्षर करने का मुझे अधिकार है ।

हस्ताक्षर .....

पद जिस पर वह है .....

के लिए और नाम पर संविदाकर्ता का

नाम और पता .....

.....

.....

.....

तारीख .....

टिप्पणी :—इस घोषणा के लिए यू० के० चैनल आफ आइलैण्ड और आइल्ज आफ मेन को शामिल करता है।

3. लाइसेंस का स्टर्लिंग मूल्य

4 यू० के० संभरक/संभरकों का नाम और पता बताते हुए दिए गए आदेश का स्टर्लिंग मूल्य जिसके लिए प्राधिकरण की जरूरत है और प्रत्येक संभरक के लिए (किए गए आदेश और उसके लिए यू० के० संभरक की स्वीकृति की प्रति संलग्न की जानी है) अलग-अलग अपेक्षित प्राधिकरण को धनराशि/राशियां [भारतीय अभिकर्ता के कमीशन की यदि कोई धनराशि (एफ०सी० में) हो तो उसका विशेष रूप से संकेत किया जाना चाहिए] ।

5. उस भारतीय बैंक का नाम जो साख-पत्र खोलेगा ।

6. सम्बद्ध यू०के० बैंक का नाम जिस में साख-पत्र संस्थापित किया जाना है।

भवदीय,

(लाइसेंसधारी के हस्ताक्षर तथा पूरा पता)

अनुबन्ध–5

यू०के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान, 1978 के सम्बन्ध में उपयोग किए जाने वाली रिपोर्ट का प्रपत्र।

(प्रत्येक आयात लाइसेंस के संबंध मे अलग से भेजा जाना है)

(जहा एक आयात लाइसेंस के महे एक से अधिक संविदाएं हों तो प्रत्येक संविदा के लिए अलग-अलग जानकारी भेजी जानी चाहिए)

परिचय प्रत्यय .....
(खण्ड-1 पैरा 2 देखें)

1. आयातक का नाम और पता
2. आयात लाइसेंस की संख्या, दिनांक और उसका मूल्य
3. उपर्युक्त आयात लाइसेंस के लिए किए गए आदेश का दिनांक और मूल्य
4. जहां आयात लाइसेस के पूरे मूल्य के लिए आदेश नही दिए गए है वहा शेष आदेश देने की अवस्था का संकेत करें।
5. क्या लाइसेंस शर्तों में सम्बन्ध अनुबद्ध के अनुसार संविदा दस्तावेज सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, अर्थकार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली को भेज दिए गए हैं/भेजे जा रहे हैं, इसका पुष्टिकरण (कोट किए गए पत्र (पत्रों) की संख्या और दिनांक)
6. यू०के० संभरक (संभरकों) के हक में खोले गए साख-पत्र (पत्रों) के मूल्य के ब्यौरे
7. भुगतान की अवस्था (पौण्ड तथा रुपए में)
   (ए) यू०के० संभरकों को किए गए वास्तविक भुगतान
      1. अप्रैल से सितम्बर तक
      2. अक्तूबर से मार्च तक
      3.
      4.

      (और इसी तरह आगे)

   बी. यू०के० संभरकों को किए जाने वाले भुगतानों का प्राक्कलन
      1. अप्रैल से सितम्बर तक
      2. अक्तूबर से मार्च तक
      3.
      4.

      (और इसी तरह आगे)
8. आयात लाइसेंस में ऐसे भाग का संकेत करें जो आदेश में शामिल नहीं किया गया और उसे अभ्यपूर्ण कर दिया गया।

हस्ताक्षर .....

अनुबन्ध–6

यू०के०/भारत पूंजी निवेश अनुदान, 1978 के अंतर्गत यू०के० से आयात के सम्बन्ध में संभरक/पोतवणिक/बीमाकर्ता द्वारा (अल्पावसरण क्षति इत्यादि के लिए दावे का निपटारा करने के लिए) प्राप्त धन वापसियों के विस्तृत ब्यौरे को दर्शाते हुए की रिपोर्ट।

(पौण्ड स्टर्लिंग में केवल निपटाए गए दावों के लिए)

1. आयात करने वाली फर्म का नाम
2. यू०के० साख के ब्यौरे
3. आयात लाइसेस की संख्या और दिनांक
4. आयात लाइसेंस का मूल्य
5. प्राप्त धनवापसी की राशि
6. धनवापसी किस प्रकार की थी।
   (संक्षिप्त ब्यौरे दे)
7. सम्बद्ध दस्तावेज जिसके अन्तर्गत यू०के० संभरकों को प्रारम्भिक भुगतान किए गए थे उनका सन्दर्भ (वित्त मंत्रालय को दस्तावेज प्रेषित करते हुए भारतीय बैंक की पत्र संख्या और दिनांक के संदर्भ का संकेत करें)।
8. क्या प्राप्त की गई धन वापसियां माल के अदला-बदली के लिए प्रयोग की जानी है, यदि नहीं तो पुष्टि करें कि राशि वास्तव में प्राप्त कर ली गई है। उसे रुपए में भुना लिया गया है।
9. टिप्पणी

आयात करने वाली फर्म के प्राधिकृत
अधिकारी के हस्ताक्षर .....

MINISTRY OF COMMERCE, CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION

(Department of Commerce)

IMPORT TRADE CONTROL

Public Notice No. 24-ITC(PN)/78

New Delhi, the 14th April, 1978

Subject : Licensing conditions for the UK/India Capital Investment Grant 1978 dated 4-1-1978.

No. IPC/39/14/77.—The terms and conditions governing the issuance of import licences under UK/India Capital Investment Grant, 1978, as given in Appendix to this public notice are notified for information.

K. V. SESHADRI, Chief Controller of Imports and Exports

APPENDIX TO DEPARTMENT OF COMMERCE

Public Notice No. 24-ITC(PN)/78 dated 14-4-1978.

Licensing Conditions for the UK/India Capital Investment Grant, 1978 dated 4-1-1978.

1. General Conditions

The import licence will bear the superscription 'UK/India Capital Investment Grant, 1978'. In addition to the licence number and the licence code with 'R/KK' as suffixes, it should bear the allocation number in the manner detailed in paragraph 3, and these allocations will relate to one of the segments mentioned below :—

'A' Segment—private sector segment

Where the licence is issue in favour of a private sector unit on the basis of clearance accorded by the Capital Goods Committee.

'B' Segment—public sector segment

Where the licence is issued on the basis of sanction issued by the Administrative Ministry after obtaining clearance of foreign exchange from the Ministry of Finance, Department of Economic Affairs (WE II Section) New Delhi in favour of public sector units or departmental undertakings of Central or State Government.

'D' Segment—I.F.C.I. Segment

Where the licence is issued to development projects financed by the I.F.C., on the basis of clearance of foreign exchange accorded by I.F.C.I.

'E' Segment—I.C.I.C.I. Segment

Where the licence is issued to development projects financed by the I.C.I.C.I. on the basis of clearance of foreign exchange accorded by I.C.I.C.I.

2. Within a fortnight of the receipt of the import licence, the importer must furnish a photostat copy of the import licence to the Department of Economic Affairs (WE II Section) A copy of this should also be sent to the Controller of Aid Accounts & Audit, Ministry of Finance, Department of Economic Affairs, UCO Bank Building, Parliament Street, New Delhi.

